मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-148
16/04/2022

मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद नवल किशोर राय के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 16 अप्रैल 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी के पूर्व सांसद नवल किशोर राय के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक कुशल राजनेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी थे। वे पुराने साथी थे और उनका असामयिक निधन अत्यंत दुखद है। वे तीन बार लोकसभा के सदस्य रहे। उनके निधन से न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने नवल किशोर राय के पुत्र एवं दामाद से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें सांत्वना भी दी।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******